# छत्तीसगढ़ विधान सभा

(षष्ठम्)

खण्ड – 6

नवम्बर–दिसम्बर, 2025 सत्र

के

# प्रश्नों के पूर्ण उत्तर

(दिनांक 25 फरवरी, 2026 को सदन में प्रस्तुत)

## (प्रस्तावना)

छत्तीसगढ़ विधान सभा प्रक्रिया एवं कार्य संचालन संबंधी नियमावली के अध्याय–7 के नियम–51 के अनुसार इस संकलन में नवम्बर–दिसम्बर, 2025 सत्र हेतु नियत बैठकों की प्रश्नोत्तर सूचियों में मुद्रित अपूर्ण उत्तरों का संबंधित विभागों द्वारा प्रेषित पूर्ण उत्तरों का संकलन सम्मिलित किया गया है। साथ ही यथासमय प्राप्त पृथक वितरित एवं पुनरीक्षित उत्तरों को भी मुद्रित कराया गया है ।

शासन द्वारा पूर्व में दी गयी जानकारी बड़े कोष्टक [..................................] के अंदर मुद्रित है । इस संकलन में वन एवं जलवायु परिवर्तन, सहकारिता, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन, उच्च शिक्षा, खेलकूद एवं युवा कल्याण, वाणिज्यिक कर (आबकारी), लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, महिला एवं बाल विकास एवं खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता सरंक्षण विभागों के प्रश्न एवं यथासमय विभागों से प्राप्त प्रश्नों के उत्तर में संशोधन तथा प्रश्नोत्तर सूची के शुद्धि पत्रों की सूची सम्मिलित की गयी है।

रायपुर,
दिनांक : 12 फरवरी, 2026.

**दिनेश शर्मा**
सचिव

## विषय सूची


| क्रमांक | विषय | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| 1. | नवम्बर–दिसम्बर, 2025 सत्र से संबंधित प्रश्नोत्तर | 1–6 |
| 2. | नवम्बर–दिसम्बर, 2025 सत्र के प्रश्नोत्तरों से संबंधित परिशिष्ट | 7–17 |
| 3. | नवम्बर–दिसम्बर, 2025 सत्र में प्राप्त प्रश्नों के उत्तर में संशोधन तथा प्रश्नोत्तर सूची से संबंधित शुद्धि पत्रों की सूची | 18–29 |

## नवम्बर–दिसम्बर, 2025 सत्र से संबंधित प्रश्नोत्तर

### जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ में नये शराब दुकान तथा उनका संचालन
### [ वाणिज्यिक कर (आबकारी) ]

**1. (क्र. 20) श्रीमती उत्तरी गनपत जांगड़े :** क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री , यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ के अंतर्गत वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में नवम्बर, 2025 तक कितने देशी व विदेशी व प्रीमियम शॉप नये शराब दुकान खोले गये है ? (ख)इन नये खोले गये देशी विदेशी प्रीमियम शॉप शराब दुकान के संचालन के लिए क्या नये कर्मचारी नियुक्त किये गये हैं? यदि नहीं तो इनका संचालन किनके द्वारा किया जा रहा है, कृपया जानकारी उपलब्ध करायें?

**वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : [**(क) जिला सारंगढ़- बिलाईगढ़ के अंतर्गत वर्ष 2024-25 मे देशी एवं विदेशी तथा प्रीमियम मदिरा की नवीन दुकान नही खोली गई है अपितु वर्ष 2025-26 अंतर्गत प्रीमियम विदेशी मदिरा की 01 नवीन दुकान खोली गई है। (ख) नवीन खोले गये प्रीमियम विदेशी मदिरा दुकान सारंगढ़ हेतु 01 मुख्य विक्रयकर्ता, 01 मल्टीवर्कर, एवं 02 सुरक्षाकर्मी के नवीन पद स्वीकृत किये गये है उन पदो पर नवीन नियुक्तिया की जाकर एवं 02 विक्रयकर्ताओ को अन्य मदिरादुकान से प्रीमियम विदेशी मदिरा दुकान मे स्थानांतरित कर मदिरा दुकान का संचालन किया जा रहा है जिसकी जानकारी संलग्न **प्रपत्र-अ** अनुसार है।**]** (क) जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ के अंतर्गत वर्ष 2024-25 में देशी एवं विदेशी तथा प्रीमियम मदिरा की नवीन दुकान नहीं खोली गई है वर्ष 2025-26 अंतर्गत प्रीमियम विदेशी मदिरा की 01 नवीन दुकान खोली गई है। (ख) नवीन खोले गये प्रीमियम विदेशी मदिरा दुकान सारंगढ़ के संचालन हेतु 01 मुख्यविक्रयकर्ता, 01 मल्टीवर्कर, 02 सुरक्षाकर्मी तथा 02 विक्रयकर्ताओं को मैनपावर एजेंसी के माध्यम से उपलब्ध कराया गया है, जिसकी जानकारी संलग्न **प्रपत्र** अनुसार है।

**परिशिष्ट - एक** **[ पुनरीक्षित उत्तर ]**

### जिला जांजगीर-चांपा अंतर्गत आयुष्मान योजना के तहत गड़बड़ी की प्राप्त शिकायतों पर कृत कार्यवाही
### [ लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण ]

**2. (क्र. 265) श्रीमती शेषराज हरवंश :** क्या लोक स्वास्थ्य मंत्री , यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) जिला जांजगीर-चांपा अंतर्गत आयुष्मान योजना, पी.एम. जन आरोग्य योजना के तहत गलत क्लेम प्रस्तुत करने, ईलाज में अनियमितता तथा योजना में आर्थिक अनियमितता करने वाले कितने अस्पतालों के विरूद्ध जनवरी, 2025 से नवम्बर, 2025 तक शिकायतें प्राप्त हुई हैं, अस्पताल का नाम, पता सहित जानकारी देवें ? (ख) योजना में अनियमितता करने वाले अस्पतालों की जांच किस अधिकारी द्वारा की गई ? क्या कार्यवाही की गई ? कितने अस्पतालों के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कराया गया ? समुचित जानकारी देवें ?

**लोक स्वास्थ्य मंत्री (श्री श्याम बिहारी जायसवाल) : [(क)** जी नहीं। शेष प्रश्नांश का प्रश्न उपस्थित नहीं होता है। **(ख)** शेष प्रश्न उपस्थित नहीं होता है।**]** (क)जिला जांजगीर-चांपा अंतर्गत आयुष्मान योजना, पी.एम. जन आरोग्य योजना के तहत गलत क्लेम प्रस्तुत करने, ईलाज में अनियमितता तथा योजना में आर्थिक अनियमितता करने वाले अस्पतालों के विरूद्ध जनवरी, 2025 से नवम्बर, 2025 तक कोई शिकायत प्राप्त

नहीं हुई है। शेष प्रश्नांश का प्रश्न उपस्थित नहीं होता है।(ख) उत्तर 'क' के परिपेक्ष्य में प्रश्न उपस्थित नहीं होता है। **[ पुनरीक्षित उत्तर ]**

**नुवोको सीमेंट संयंत्र, ग्राम सोनाडीह, तहसील बलौदाबाजार को संयंत्र का खनन अनुबंध के तहत भूमि-आधिपत्य**

**[ राजस्व एवं आपदा प्रबंधन ]**

**3. (क्र. 287) श्री संदीप साहू :** क्या राजस्व मंत्री , यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) जिला बलौदाबाजार-भाटापारा के अंतर्गत संचालित नुवोको सीमेंट संयंत्र, ग्राम सोनाडीह, तहसील बलौदाबाजार को संयंत्र के खनन अनुबंध के तहत क्या और कितनी आदिवासी भूमि का आधिपत्य जिला प्रशासन के द्वारा हस्तांतरित किया जा चुका है? जिसमें खनन आदेश और खनन क्षेत्र में कितनी आदिवासी भूमि प्रभावित हुई है? क्या विधिवत् बिक्री पंजीयन किया गया है? (ख) प्रश्नांस (क) अनुसार पर्यावरण स्वीकृति में निहित शासकीय भूमि, ग्राम सोनाडीह 4.888 हे., ग्राम रसेड़ा 5.961हे., ग्राम केशडबरी 6.286हे. के बदले धारा 237(3) के तहत समतुल्य भूमि उसी ग्राम में संयंत्र/कंपनी के द्वारा उपलब्ध करा दी गई है? यदि हॉ तो उक्त भूमि की स्थिति/प्रयोजन क्या है, बताएं ?

**राजस्व मंत्री (श्री टंक राम वर्मा) : [ (क)** जिला बलौदाबाजार-भाटापारा में संचालित नुवोको सीमेंट संयंत्र ग्राम सोनाडीह तहसील बलौदाबजार को संयंत्र के खनन अनुबंध के तहत वर्तमान में किसी भी भूमि का आधिपत्य जिला प्रशासन के द्वारा नहीं दिया गया है परंतु पूर्व कंपनी लाफार्ज इंडिया लिमिटेड को रा. प्र. क. 346, 347, 348/ब-121 / वर्ष 2002-03 में ग्राम रसेड़ा, खपरी, सोनाडीह की भूमि को छ.ग.भू-राजस्व संहिता, 1959 की धारा 247 (4) भू सतही अधिकार के तहत अधिग्रहण कर कंपनी को हस्तांतरित की गई है, जिसमें ग्राम रसेड़ा के कुल 15 आदिवासियों की भूमि कुल रकबा 4.406 हेक्टेयर, ग्राम खपरी के कुल 01 आदिवासी की भूमि कुल रकबा 0.542 हेक्टेयर एवं ग्राम सोनाडीह के कुल 20 आदवासियों की भूमि कुल रकबा 15. 170 हेक्टेयर कुल 36 आदिवासी किसानों की कुल भूमि रकबा 20.118 हेक्टेयर प्रभावित हुई है। भूमिस्वामियों द्वारा प्रश्नाधीन भूमि का व्रिकय पंजीयन मेसर्स लाफार्ज इंडिया लिमिटेड के पक्ष में नहीं किया गया है चूंकि भू सतही अधिकार के प्रकरणों में विक्रय पंजीयन की आवश्यकता नहीं होती है। नुवोको सीमेंट संयंत्र की पूर्व प्रथम कंपनी टाटा स्टील एवं आयरन कंपनी लिमिटेड द्वारा ग्राम सोनाडीह, रसेड़ा, मेंढ़, रसेड़ी के आदिवासी कृषकों की भूमि पंजीकृत बैनामा से क्रय किया गया था, जिसमें ग्राम सोनाडीह के कुल 08 आदिवासियों की भूमि रकबा 1.724 हेक्टेयर, ग्राम रसेड़ा के कुल 29 आदिवासियों की भूमि रकबा 14. 808 हेक्टेयर ग्राम मेढ़ के कुल 03 आदिवासियों की भूमि रकबा 2.590 हेक्टेयर एवं ग्राम रसेड़ी के कुल 16 आदिवासियों की भूमि रकबा 9.389 हेक्टेयर कुल रकबा 28.511 हेक्टेयर जिसमें कुल 56 आदिवासी कृषकों की भूमि प्रभावित हुई है। द्वितीय कंपनी, लाफार्ज इंडिया सीमेंट संयंत्र द्वारा पंजीकृत बैनामा से कुल रकबा 4.585 हेक्टेयर भूमि क्रय की गई है, जिसमें कुल 03 आदिवासी कृषक प्रभावित हुए हैं। वर्तमान तृतीय कंपनी, नुवोको सीमेंट संयंत्र द्वारा पंजीकृत बैनामा से कुल रकबा 10.949 हेक्टेयर भूमि क्रय की गई है, जिसमें कुल 02 आदिवासी कृषक प्रभावित है। क्रय की गई उक्त भूमि को कंपनी द्वारा छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता, 1959 की धारा 165 (6) के तहत सक्षम अधिकारी से अनुमति प्राप्त कर विधिवत पंजीयन की कार्यवाही कर क्रय की गई है। **(ख)** पर्यावरण स्वीकृति में निहित शासकीय भूमि ग्राम सोनाडीह के रकबा 4.888+6.286 हे. एवं ग्राम रसेड़ा के रकबा 5.961 हे. कुल रकबा 17.135 हे.की माईनिंग लीज

शासन द्वारा प्रदान की गई है एवं उक्त शासकीय भूमि पर भू प्रवेश की अनुमति कलेक्टर, बलौदाबाजार भाटापारा द्वारा दी गई है, परंतु राजस्व अभिलेख में उक्त भूमि चराई (घास) मद में दर्ज है। धारा 237(3) के तहत समतुल्य भूमि उसी ग्राम में संयंत्र / कंपनी के द्वारा उपलब्ध नहीं करायी गई है।**]** (क) जिला बलौदाबाजार-भाटापारा में संचालित नुवोको सीमेंट संयंत्र ग्राम सोनाडीह, तहसील बलौदाबाजार को शासन द्वारा प्रदत्त खनिपट्टा क्षेत्र में कुल 84.823 हेक्टे. आदिवासी भूमि प्रभावित हुई है, जिसमें से 20.118 हेक्टे. आदिवासी भूमि को छ.ग. भू- राजस्व संहिता, 1959 की धारा 247 के तहत भू सतही अधिकार दिये जाने के कारण विक्रय पंजीयन की आवश्यकता नहीं है तथा 64.705 हेक्टेयर आदिवासी भूमि का कंपनी के आवेदन पर न्यायालयीन आदेश के तहत विधिवत विक्रय पंजीयन किया गया है। (ख) ग्राम सोनाडीह के रकबा 11.174 हे. एवं ग्राम रसेड़ा के रकबा 5.961 हे. शासकीय भूमि में भू-प्रवेश की अनुमति दी गई है किंतु ग्राम केशडबरी में शासकीय भूमि में भू प्रवेश की अनुमति नहीं दी गई है। उक्त शासकीय भूमि के बदले में धारा 237(3) में निहित प्रावधान के तहत समतुल्य भूमि उसी ग्राम में नुवोको सीमेंट संयंत्र/कंपनी के द्वारा उपलब्ध नहीं करायी गई है। **[ पुनरीक्षित उत्तर ]**

## उत्कृष्ट खिलाड़ियों को प्रदत्त सुविधायें

**[ खेलकूद एवं युवा कल्याण ]**

**4. (क्र. 335) श्रीमती भावना बोहरा :** क्या उप मुख्यमंत्री ( लोक निर्माण ) , यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) राज्य में उत्कृष्ट खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी देने हेतु वर्तमान में लागू नीति का विवरण क्या है? (ख) पिछले पाँच वर्षों में दुर्ग संभाग के कितने उत्कृष्ट खिलाड़ियों को किस खेल श्रेणी के अंतर्गत कौन-कौन से पदों पर सरकारी नौकरी प्रदान की गई है? कृपया वर्षवार एवं विभागवार विवरण दें। (ग) खिलाड़ियों को दी जाने वाली अन्य सुविधाएँ—जैसे छात्रवृत्ति, खेल प्रोत्साहन राशि, नौकरी में आरक्षण/प्राथमिकता, विशेष प्रशिक्षण, आवास/भोजन सुविधा—वर्तमान में सरकार द्वारा क्या-क्या सुविधाएं दी जा रही हैं? (घ) क्या सरकार भविष्य में उत्कृष्ट खिलाड़ियों के लिए नई या संशोधित नीति लाने पर विचार कर रही है? यदि हाँ, तो उसका विवरण क्या है?

**उप मुख्यमंत्री ( लोक निर्माण ) (श्री अरूण साव) : [** (क) राज्य में उत्कृष्ट खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी देने हेतु वर्तमान में ''छत्तीसगढ़ राज्य शासकीय सेवा में उत्कृष्ट खिलाड़ी भर्ती नियम, 2010 के संशोधन दिनांक 20 मई 2016 के बिन्दु ''छ'' लोक सेवा आयोग की परिधि में आने वाले सीधी भर्ती के पदों को छोड़कर, शासन के सभी विभागो के तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के सीधी भर्ती के उपलब्ध रिक्त पदों पर, उत्कृष्ट खिलाड़ियों की नियुक्ति का प्रावधान है।'' (ख) खेल एवं युवा कल्याण विभाग अंतर्गत पिछले पॉच वर्षों में उत्कृष्ट खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी प्रदान नही की गई है। **समस्त विभागों से जानकारी संकलित की जा रही है।** (ग) **जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है।** (घ) निरंक **]** (क) राज्य में उत्कृष्ट खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी देने हेतु वर्तमान में ''छत्तीसगढ़ राज्य शासकीय सेवा में उत्कृष्ट खिलाड़ी भर्ती नियम, 2010 के संशोधन दिनांक 20 मई 2016 के बिन्दु ''छ'' लोक सेवा आयोग की परिधि में आने वाले सीधी भर्ती के पदों को छोड़कर, शासन के सभी विभागो के तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के सीधी भर्ती के उपलब्ध रिक्त पदों पर, उत्कृष्ट खिलाड़ियों की नियुक्ति का प्रावधान है। (ख) खेल एवं युवा कल्याण विभाग अंतर्गत पिछले पॉच वर्षों में उत्कृष्ट खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी प्रदान नही की गई है। जानकारी संलग्न **''प्रपत्र''** अनुसार है। (ग) **जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है।** (घ) निरंक।

**परिशिष्ट - दो**

## उच्च शिक्षा में ड्रापआउट

**[ उच्च शिक्षा ]**

**5. (क्र. 368) श्रीमती रेणुका सिंह सरूता :** क्या राजस्व मंत्री , यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) छत्तीसगढ़ प्रदेश में महाविद्यालय स्तर में जीईआर एवं ड्राप आउट रेट क्या है? (ख) 12 वीं कक्षा उत्तीर्ण करने वाले कितने प्रतिशत विद्यार्थी महाविद्यालयों में प्रवेश हेतु दर्ज होते हैं (ग) उच्च शिक्षा में ड्रापआउट रेट दर कम करने एवं जीईआर बढ़ाने हेतु क्या प्रयास किए जा रहे हैं?

**राजस्व मंत्री (श्री टंक राम वर्मा) : [** (क) भारत सरकार शिक्षा मंत्रालय, उच्चतर शिक्षा विभाग के ऑल इंडिया सर्वे ऑन हायर एजुकेशन की वार्षिक प्रतिवेदन 2021-22 के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य का जीईआर 19.6 था। प्रदेश के समस्त उच्च शिक्षण संस्थानों में सत्र 2024-25 से राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 लागू की गई है। नीति के प्रावधानों में ड्राप आउट की अवधारणा नहीं है। (ख) जानकारी संकलित की जा रही है। (ग) विभाग द्वारा जीईआर बढ़ाने हेतु वर्ष 2024-25 से पोषक शाला संपर्क अभियान चलाया जा रहा है जिसके अंतर्गत महाविद्यालय पोषक शालाओं के विद्यार्थियों से संपर्क कर उच्च शिक्षा में अधिक से अधिक प्रवेश हेतु प्रोत्साहित कर रहे हैं। स्वाध्यायी छात्रों की भी जानकारी पोर्टल में अपलोड किये जाने हेतु सम्मिलित किया गया है जिससे छात्र संख्या में वृद्धि से जीईआर में वृद्धि होगी। **]** (क) भारत सरकार शिक्षा मंत्रालय, उच्चतर शिक्षा विभाग के ऑल इंडिया सर्वे ऑन हायर एजुकेशन की वार्षिक प्रतिवेदन 2021-22 के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य का जीईआर 19.6 था। प्रदेश के समस्त उच्च शिक्षण संस्थानों में सत्र 2024-25 से राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 लागू की गई है। नीति के प्रावधानों में ड्राप आउट की अवधारणा नहीं है। (ख) 12वीं कक्षा उत्तीर्ण करने वाले 52.40 प्रतिशत विद्यार्थी शासकीय महाविद्यालयों में सत्र 2025-26 में प्रवेशित है। (ग) विभाग द्वारा जीईआर बढ़ाने हेतु वर्ष 2024-25 से पोषक शाला संपर्क अभियान चलाया जा रहा है जिसके अंतर्गत महाविद्यालय पोषक शालाओं के विद्यार्थियों से संपर्क कर उच्च शिक्षा में अधिक से अधिक प्रवेश हेतु प्रोत्साहित कर रहे हैं। स्वाध्यायी छात्रों की भी जानकारी पोर्टल में अपलोड किये जाने हेतु सम्मिलित किया गया है जिससे छात्र संख्या में वृद्धि से जीईआर में वृद्धि होगी।

## जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक रायपुर के विशेष अंकेक्षण में पाई गई आर्थिक अनियमितताएं

**[ सहकारिता ]**

**6. (क्र. 528) डॉ. चरण दास महंत :** क्या वन मंत्री , यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) रजिस्ट्रार, सहकारी संस्थाएं के संज्ञान में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंकों के कितने प्रकरण, कितनी राशि की आर्थिक अनियमितताओं के 2024 तथा 2025 में आये हैं? क्या जिला सहकारी बैंक, रायपुर की शाखाओं में हुई आर्थिक अनियमितता/ गबन के लिए 2024 से अक्टूबर, 2025 की अवधि में विशेष अंकेक्षण कराया गया है? यदि हां तो इसमें किस-किस शाखा के, कौन-कौन व्यक्ति, कितनी-कितनी राशि के लिए, किस-किस अवधि के लिए दोषी पाए गए हैं एवं उन पर क्या-क्या कार्यवाही की गई है? (ख) क्या प्रश्नांश (क) के विशेष अंकेक्षण में बैंक की सभी शाखाओं के लिए विशेष तकनीकी टीम का गठन कर अनियमितता की पूरी राशि का आकलन कोर बैंकिंग/ सॉफ्टवेयर में उपलब्ध डाटा का परीक्षण कर करने के निर्देश दिए गए हैं? यदि हां तो उस पर क्या कार्यवाही की गई है? यदि नहीं की गई है तो क्यों एवं इसके लिए कौन जिम्मेदार है एवं कब तक पूरी कर ली जाएगी? यदि हां तो कितनी अतिरिक्त अनियमितता पाई गई है ? (ग) बैंक के तत्कालीन अंकेक्षकों, बैंक के प्रबंधनकर्ता अधिकारियों तथा निरीक्षणकर्ता अधिकारियों द्वारा

अनियमितताओं को प्रकाश में नहीं लाने के लिए किस-किस पर क्या-क्या कार्यवाही की गई ? यदि नहीं की गई है तो क्यों एवं कब तक की जाएगी?

**वन मंत्री (श्री केदार कश्यप) :** [**(क)** जानकारी संकलित की जा रही है। **(ख)** जानकारी संकलित की जा रही है। **(ग)** जानकारी संकलित की जा रही है। ] **(क)** रजिस्ट्रार, सहकारी संस्थाएं के संज्ञान में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंकों के 27 प्रकरण राशि रूपये 39.49 करोड़ की आर्थिक अनियमितताओं के वर्ष 2024 एवं 2025 में आए हैं। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक, रायपुर की 05 शाखाओं में आर्थिक अनियमितता / गबन के प्रकरण प्रकाश में आये थे, जिसमें से सी.ओ.डी., गंज एवं खोरपा शाखाओं में हुये आर्थिक अनियमितता/गबन के लिए वर्ष 2024 से अक्टूबर, 2025 की अवधि में विशेष अंकेक्षण कराया गया है। शेष प्रश्नांश की जानकारी **प्रपत्र-'अ'** में संलग्न है। **(ख)** जी, हां। बैंक द्वारा संयुक्त विशेष तकनीकी टीम का गठन किया गया है। जांच की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। **(ग)** जानकारी **प्रपत्र-'ब'** में संलग्न है। **परिशिष्ट - तीन**

## राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (NCDC) द्वारा राज्य को प्राप्त राशि का व्यय

**[ सहकारिता ]**

**7. (क्र. 542) श्री इंद्र साव :** क्या वन मंत्री , यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) जनवरी, 2021 से 24.11.2025 तक राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (NCDC) से छत्तीसगढ़ राज्य को कितनी-कितनी, राशि कब-कब प्राप्त हुई ? प्राप्त राशि का व्यय जिला बलौदा बाजार- भाटापारा अंतर्गत किन-किन कार्यो एवं किन-किन सामग्रियों के क्रय परऔर किन-किन स्थानों पर किया गया ? (ख) प्रश्नांश ''क'' अनुसार प्राप्त एवं व्यय राशि की जानकारी राशिवार, भुगतानवार, कार्यवार, दिनांकवार, विकासखण्डवार, जानकारी देवें ?

**वन मंत्री (श्री केदार कश्यप) : [** (क) जानकारी संकलित की जा रही है। (ख) जानकारी संकलित की जा रही है। **]** (क) जनवरी, 2021 से 24.11.2025 तक राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (NCDC) से छत्तीसगढ़ राज्य को प्राप्त राशि का विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र | गतिविधि | वित्तीय वर्ष 2020-21 (01.01.21 से 31.03.21) | वित्तीय वर्ष 2021-22 | वित्तीय वर्ष 2022-23 | वित्तीय वर्ष 2023-24 | वित्तीय वर्ष 2024-25 | वित्तीय वर्ष 2025-26 (24.11.25 तक) | गतिविधि वार योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Marketing & Inputs | 500000.00 | 1240037.43 | 850022.13 | 1899000.00 | 2808000.00 | 144992.00 | 7442051.56 |
| 2. | Storage | - | 1.09 | - | - | - | - | 1.09 |
| 3. | FPOs | - | 29.90 | 195.66 | 131.95 | 169.67 | 134.14 | 661.32 |
| 4. | Fish FPOs (PMMSY) | - | - | - | 2.08 | 10.02 | 2.51 | 14.61 |
| 5. | Computerization of RCS Office | - | - | - | - | 37.50 | 22.50 | 60.00 |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6. | Weaker Section | - | 12.00 | - | - | - | - | 12.00 |
| **योग** | | **500000.00** | **1240080.42** | **850217.79** | **1899134.03** | **2808217.19** | **145151.15** | **7442800.59** |

जिला बलौदाबाजार-भाटापारा अंतर्गत प्राप्त राशि के व्यय की प्रश्नानुसार जानकारी **<u>प्रपत्र-'अ'</u>** में संलग्न है। (ख) प्रश्नांश 'क' के संदर्भ में जिला बलौदाबाजार-भाटापारा को जनवरी, 2021 से 24.11.2025 तक राशि रू. 52.90 लाख प्राप्त हुआ है। प्राप्त राशि के व्यय की जानकारी राशिवार, भुगतानवार, कार्यवार, दिनांकवार, विकासखण्डवार **<u>प्रपत्र-'ब</u>**' में संलग्न है।

**<u>परिशिष्ट - चार</u>**

## <u>वन धन योजना से वनोपज खरीदी की जानकारी</u>

## [ वन एवं जलवायु परिवर्तन ]

**8. (क्र. 606) श्री जनक ध्रुव :** क्या वन मंत्री , यह बताने की कृपा करेंगे कि राज्य में वन धन योजना के तहत पिछले 5 वर्षों में कौन-कौन सा वनोपज कितनी मात्रा में खरीदा गया है तथा ऐसी खरीदी पर कितनी राशि व्यय की गई है? लगातार गिरती खरीदी के लिए कौन से अधिकारी जिम्मेदार हैं और उन पर इस हेतु क्या कार्यवाही की गई है?

**वन मंत्री (श्री केदार कश्यप) :** [ राज्य में वन धन योजना के नाम से लघु वनोपज क्रय हेतु कोई योजना संचालित नहीं है, परंतु राज्य शासन की ओर से छ.ग. राज्य लघु वनोपज संघ द्वारा भारत शासन द्वारा निर्धारित मूल्य पर 38 प्रजातियों की और राज्य शासन द्वारा समर्थित मूल्य पर 29 प्रजातियों कुल 67 प्रजातियों की लघु वनोपज का क्रय किया जाता है । छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ द्वारा पिछले 5 वर्षो में इन 67 प्रजातियों के वनोपज की कुल मात्रा 1158578.11 क्विंटल की खरीदी संग्राहकों से की गई है और खरीदी पर कुल राशि रूपये 53812.45 लाख का व्यय किया गया है । **(विवरण संलग्र "प्रपत्र" में दर्शित है ) ।** समर्थन मूल्य पर संग्रहित लघु वनोपज की मात्रा तत्समय प्रचलित इन लघु वनोपज के बाजार मूल्य पर भी निर्भर रहती है । संग्राहकों के द्वारा समर्थन मूल्य पर विक्रय हेतु लाए गए वनोपज को ही छत्तीसगढ राज्य लघु वनोपज संघ द्वारा क्रय किया जा सकता है । अतः क्रय की गई लघु वनोपज की मात्रा के लिए कोई भी अधिकारी या कर्मचारी जिम्मेवार नहीं है ।**]** राज्य में वन धन योजना के नाम से लघु वनोपज क्रय हेतु कोई योजना संचालित नहीं है, परंतु राज्य शासन की ओर से छ.ग. राज्य लघु वनोपज संघ द्वारा भारत शासन द्वारा निर्धारित मूल्य पर 38 प्रजातियों की और राज्य शासन द्वारा समर्थित मूल्य पर 29 प्रजातियों कुल 67 प्रजातियों की लघु वनोपज का क्रय किया जाता है । छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ द्वारा पिछले 5 वर्षो में इन 67 प्रजातियों के वनोपज की कुल मात्रा 1510941.08 क्विंटल की खरीदी संग्राहकों से की गई और खरीदी पर कुल राशि रूपये 40478.60 लाख का व्यय किया गया है। **विवरण पुस्तकालय रखे प्रपत्र-अ, ब, स, द, ई, एवं फ अनुसार है ) ।** समर्थन मूल्य पर संग्रहित लघु वनोपज की मात्रा तत्समय प्रचलित इन लघु वनोपज के बाजार मूल्य पर भी निर्भर रहती है । संग्राहकों के द्वारा समर्थन मूल्य पर विक्रय हेतु लाए गए वनोपज को ही छत्तीसगढ राज्य लघु वनोपज संघ द्वारा क्रय किया जा सकता है । अतः क्रय की गई लघु वनोपज की मात्रा के लिए कोई भी अधिकारी या कर्मचारी जिम्मेवार नहीं है ।

**<u>[ पुनरीक्षित उत्तर ]</u>**

**नवम्बर–दिसम्बर, 2025 सत्र के प्रश्नोत्तरों से संबंधित परिशिष्ट**

प्रपत्र

परिशिष्ट - एक

**प्रश्न संख्या 1 (क्र. 20) की जानकारी**

जिला सारंगढ़–बिलाईगढ़ के क्षेत्रांतर्गत वर्षवार, दुकानवार खोली गई मदिरा दुकानों के संबंध मे जानकारी

| क्र. | वर्ष | खोली गई नवीन मदिरा दुकान का नाम | मदिरा दुकान का प्रकार (देशी/विदेशी/देशी कम्पोजिट/विदेशी कम्पोजिट/प्रीमियम) | दुकान मे पदस्थ कर्मचारी का नाम | कर्मचारी का पदनाम |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2025–26<br>27.11.2025 तक | प्रीमियम विदेशी मदिरा दुकान सारंगढ़ | प्रीमियम | गोपेश कुमार निराला | मुख्य विक्रयकर्ता |
| | | | | दिलीप कुमार देवांगन | विक्रयकर्ता |
| | | | | अजय साहू | विक्रयकर्ता |
| | | | | खगेश्वर प्रसाद रात्रे | मल्टीवर्कर |
| | | | | खगेश कुमार | सुरक्षाकर्मी |
| | | | | भोजेश्वर यादव | सुरक्षाकर्मी |

**परिशिष्ट - दो**
**प्रश्न संख्या 4 (क्र. 335) की जानकारी**

## "प्रपत्र"

| क्र. | वर्ष | विभाग का नाम | खिलाड़ी का नाम | संबंधित खेल | पद |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025 | वाणिज्यिक कर (आबकारी) विभाग | श्री वी. मोहन राव | सॉफ्टबॉल | आबकारी आरक्षक |

Digitally signed by
RATTU LAL DHRUW
Date: 04-02-2026
18:01:48

(आर.एल.ध्रुव)
अवर सचिव
छत्तीसगढ़ शासन
खेल एवं युवा कल्याण विभाग,

परिशिष्ट–तीन
प्रश्न संख्या 6 (क्र. 528) की जानकारी

प्रपत्र–'अ'

जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्या. रायपुर की शाखा सी.ओ.डी (अवधि वर्ष 2016 से 2022), गंज (अवधि वर्ष 2019–2022) एवं खोरपा (अवधि वर्ष 2017–2019) में विशेष अंकेक्षण दल द्वारा पाई गई आर्थिक अनियमितताओं एवं दोषी कर्मचारियों पर की गई कार्यवाही का विवरण

| क्र. | शाखा का नाम | कर्मचारी नाम | पद | गबन की राशि रूपये | आर्थिक अनियमितता की राशि रूपये | विशेष अंकेक्षण में दर्शित अनियमितता/गबन की अवधि | की गई कार्यवाही | जमा/वसूल की गई राशि रूपये |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | सी.ओ.डी. | श्री अरूण कुमार बैसवाड़े | सेवानिवृत्त सहायक लेखापाल | 11705671.70 | 16598416.70 | 2016-2022 | 1. पुलिस में अपराध पंजीबद्ध<br>2. छत्तीसगढ़ सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा 64 के अंतर्गत वसूली हेतु वाद दायर। | 1382000.00 |
| 2 | | श्री चन्द्रषेखर डग्गर | कनिष्ठ लिपिक | 8092548.10 | 9883574.10 | | 1. सेवा से पदच्युत,<br>2. पुलिस में अपराध पंजीबद्ध<br>3. छत्तीसगढ़ सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा 64 के अंतर्गत वसूली हेतु वाद दायर। | 1500000.00 |
| 3 | | श्री संजय कुमार शर्मा | सहायक लेखापाल | 2383732.00 | 3125219.00 | | 1. सेवा से पदच्युत,<br>2. पुलिस में अपराध पंजीबद्ध<br>3. छत्तीसगढ़ सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा 64 के अंतर्गत वसूली हेतु वाद दायर। | 1000000.00 |
| 4 | | श्री अशोक कुमार पटेल | शाखा प्रबंधक | 275807.00 | 335807.00 | | 1. पदावनति का दण्ड<br>2. पुलिस में अपराध पंजीबद्ध करने हेतु थाने में आवेदन प्रस्तुत।<br>3. छत्तीसगढ़ सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा 64 के अंतर्गत वसूली हेतु वाद दायर। | 275807.00 |
| 5 | | श्री विजय कुमार वर्मा | कनिष्ठ लिपिक | 456999.00 | 579999.00 | | 1. सेवा से पदच्युत,<br>2. पुलिस में अपराध पंजीबद्ध करने हेतु थाने में आवेदन प्रस्तुत।<br>3. छत्तीसगढ़ सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा 64 के अंतर्गत वसूली हेतु वाद दायर। | |
| 6 | | श्री विजय कुमार वर्मा | कनिष्ठ लिपिक | 375511.00 | 375511.00 | | 1. सेवा से पदच्युत,<br>2. पुलिस में अपराध पंजीबद्ध करने हेतु थाने में आवेदन प्रस्तुत।<br>3. छत्तीसगढ़ सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा 64 के अंतर्गत वसूली हेतु वाद दायर। | |
| 7 | | स्व. आनंद शर्मा (निधन) | पूर्व कनिष्ठ लिपिक | 131423.00 | 242983.00 | | 1. पुलिस में अपराध पंजीबद्ध करने हेतु थाने में आवेदन प्रस्तुत।<br>2. स्व. आनंद शर्मा (निधन) के पत्नी श्रीमती ज्योति शर्मा से गबन की राशि बैंक में जमा कराई गई। | 131423.00 |

| क्र. | शाखा का नाम | कर्मचारी नाम | पद | गबन की राशि रूपये | आर्थिक अनियमितता की राशि रूपये | विशेष अंकेक्षण में दर्शित अनियमितता/ गबन की अवधि | की गई कार्यवाही | जमा/वसूल की गई राशि रूपये |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | सी.ओ.डी. | श्री पंकज सराफ | सहायक लेखापाल | 3916744.90 | 3916744.90 | 2016-2022 | 1. सेवा से पदच्युत,<br>2. पुलिस में अपराध पंजीबद्ध करने हेतु थाने में आवेदन प्रस्तुत। | 3916696.00 |
| 9 | | श्री घनश्याम देवांगन | कनिष्ठ लिपिक | 5405957.56 | 2703160.56 | | 1. सेवा से पदच्युत,<br>2. पुलिस में अपराध पंजीबद्ध करने हेतु थाने में आवेदन प्रस्तुत। | 5405957.56 |
| 10 | | अश्वनी कुमार दुबे | सेवायुक्त | 3126.03 | 3126.03 | | त्रुटि /अनियमितता पर कार्यवाही करते हुए संबंधित को दिए गए अतिरिक्त ब्याज की राशि/ ब्याज प्रभारित नहीं करने वाले ऋण खातों पर ब्याज वसूल करने हेतु शाखा प्रबंधक को बैंक द्वारा निर्देश जारी किया गया है। | |
| 11 | | श्रीमती भारती महानंद | सेवायुक्त | 19216.44 | 19216.44 | | त्रुटि/ अनियमितता पर कार्यवाही करते हुए संबंधित को दिए गए अतिरिक्त ब्याज की राशि/ ब्याज प्रभारित नहीं करने वाले ऋण खातों पर ब्याज वसूल करने हेतु शाखा प्रबंधक को बैंक द्वारा निर्देश जारी किया गया है। | |
| 12 | | श्रीमती भाग्येश्वरी चौहान | कनिष्ठ लिपिक | 43553.16 | 43553.16 | | त्रुटि /अनियमितता पर कार्यवाही करते हुए संबंधित को दिए गए अतिरिक्त ब्याज की राशि/ ब्याज प्रभारित नहीं करने वाले ऋण खातों पर ब्याज वसूल करने हेतु शाखा प्रबंधक को बैंक द्वारा निर्देश जारी किया गया है। | |
| 13 | | श्रीमती जमुना तांडी नाग | सेवायुक्त | 3992.88 | 3992.88 | | 1. दो वार्षिक वेतन वृद्धि रोकने का दण्ड ।<br>2. पुलिस में अपराध पंजीबद्ध करने हेतु थाने में आवेदन प्रस्तुत। | |
| 14 | | श्री पवन कुमार | सेवायुक्त | 4694.79 | 4694.79 | | 1. एक वार्षिक वेतन वृद्धि रोकने का दण्ड ।<br>2. पुलिस में अपराध पंजीबद्ध करने हेतु थाने में आवेदन प्रस्तुत।<br>3. छत्तीसगढ़ सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा 64 के अंतर्गत वसूली हेतु वाद दायर। | |
| 15 | | शेख अब्बास | सेवायुक्त | 13148.77 | 13148.77 | | त्रुटि /अनियमितता पर कार्यवाही करते हुए संबंधित को दिए गए अतिरिक्त ब्याज की राशि/ ब्याज प्रभारित नहीं करने वाले ऋण खातों पर ब्याज वसूल करने हेतु शाखा प्रबंधक को बैंक द्वारा निर्देश जारी किया गया है। | |
| 16 | | श्री विजय कुमार वर्मा | कनिष्ठ लिपिक | 6807667.58 | 8115260.00 | | 1. सेवा से पदच्युत,<br>2. पुलिस में अपराध पंजीबद्ध करने हेतु थाने में आवेदन प्रस्तुत।<br>3. छत्तीसगढ़ सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा 64 के अंतर्गत वसूली हेतु वाद दायर। | 600000.00 |

| क्र. | शाखा का नाम | कर्मचारी नाम | पद | गबन की राशि रूपये | आर्थिक अनियमितता की राशि रूपये | विशेष अंकेक्षण में दर्शित अनियमितता/ गबन की अवधि | की गई कार्यवाही | जमा/वसूल की गई राशि रूपये |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 17 | गंज | श्री विजय कुमार वर्मा | कनिष्ठ लिपिक | 34332.00 | 34332.00 | 2019-2022 | 1. सेवा से पदच्युत,<br>2. पुलिस में अपराध पंजीबद्ध करने हेतु थाने में आवेदन प्रस्तुत।<br>3. छत्तीसगढ़ सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा 64 के अंतर्गत वसूली हेतु वाद दायर। | |
| 18 | | श्री हिमाशु गुप्ता | कम्प्यूटर ऑपरेटर | 1597647.00 | 8115260.00 | | 1. सेवा से पृथक।<br>2. पुलिस में अपराध पंजीबद्ध करने हेतु थाने में आवेदन प्रस्तुत। | 500000.00 |
| 19 | खोरपा | श्री विजय कुमार वर्मा | कनिष्ठ लिपिक | 1736104.00 | 1736104.00 | 2017-2019 | 1. सेवा से पदच्युत,<br>2. पुलिस में अपराध पंजीबद्ध करने हेतु थाने में आवेदन प्रस्तुत।<br>3. छत्तीसगढ़ सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा 64 के अंतर्गत वसूली हेतु वाद दायर। | |
| 20 | | श्री देवेन्द्र कुमार साहू | कम्प्यूटर ऑपरेटर | 1232.88 | 1232.88 | | ब्याज राशि की वसूली की गई। | 1233.00 |

अवर सचिव
छत्तीसगढ़ शासन
सहकारिता विभाग
मंत्रालय, नया रायपुर

## प्रपत्र–'ब'

अनियमितता को प्रकाश में नहीं लाने हेतु जिम्मेदार जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित रायपुर के तत्कालीन अंकेक्षकों एवं अधिकारियों पर की गई कार्यवाही की जानकारी

| क्र | अधिकारी / अंकेक्षक | नाम | अवधि | की गई कार्यवाही |
|---|---|---|---|---|
| 1 | तत्कालीन सांविधिक अंकेक्षक | श्री आंनद जिमनांनी एण्ड एसोसिएट्स चार्टर्ड अकाउन्टेट दुर्ग, | 2016–17 | बैंक द्वारा नोटिस / कारण बताओं सूचना पत्र जारी किया गया है। |
| 2 | | जी.ए. एण्ड कम्पनी चार्टर्ड एकाउन्टेट बलौदाबाजार | 2017–18 | |
| 3 | | मेसर्स एस.एस. अग्रवाल एण्ड कम्पनी बिलासपुर चार्टर्ड एकाउन्टेंट बिलासपुर | 2018–19, 2019–20 | |
| 4 | | मेसर्स पी.सी. बाफना एण्ड कम्पनी चार्टर्ड एकाउन्टेंट दुर्ग | 2020–21 | |
| 5 | | मेसर्स सुनील केसवानी एण्ड कम्पनी चार्टर्ड एकाउन्टेंट रायपुर | 2021–22 | |
| 6 | | मेसर्स गोयल एण्ड गोलछा कम्पनी चार्टर्ड एकाउन्टेंट | 2022–23 | |
| 7 | तत्कालीन सतत् अंकेक्षक | भूपेश चौबे एण्ड कम्पनी चार्टर्ड एकाउन्टेंट | 2017–18 से 2019–2020 तक | |
| 8 | | विनोद कुमार गुप्ता एण्ड एसोसिएट्स | 2020–21 से 2021–22 तक | |
| 9 | | मेसर्स खण्डेलवाल अशोक एण्ड कम्पनी | 2016–17 | |
| 10 | तत्कालीन शाखा प्रबंधक (शाखा सी.ओ.डी) | श्री प्रकाश गवारले | 06.03.2017 से 29.05.2021 | शाखा प्रबंधक से सहायक लेखापाल के पद पर पदावनति का दण्ड |
| 11 | | श्री प्रमोद शर्मा | 25.05.2021 से 06.12.2022 | दो वार्षिक संचयी प्रभाव से राकने का दण्ड |
| 12 | तत्कालीन मुख्य कार्यापालन अधिकारी | श्री प्रभात मिश्रा | 08.01.2019 से 06.07.2019 | अपेक्स बैंक द्वारा स्पष्टीकरण जारी किया गया है। |
| 13 | | श्री एस. के. जोशी (सेवानिवृत्त) | 04.07.2019 से 18.10.2022 | |
| 14 | | श्री एस.पी चंद्राकर (प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी) | 28.03.2015 से 22.08.2016<br>20.02.2018 से 08.01.2019<br>18.10.2022 से 07.03.2023 | बैंक द्वारा स्पष्टीकरण जारी किया गया है। |
| 15 | शाखा सी.ओ.डी का त्रैमासिक निरीक्षण करने वाले शाखा प्रबंधक | श्री मनीष तिवारी | मार्च 2016<br>मार्च 2021 | बैंक द्वारा स्पष्टीकरण जारी किया गया है। |
| 16 | | श्री परमेश्वर वर्मा | दिसंबर 2016<br>मार्च 2019<br>दिसंबर 2019<br>सितंबर 2020<br>दिसंबर 2021 | |
| 17 | | श्री प्रमोद शर्मा | मार्च 2017<br>जून 2018 | |

| क्र | अधिकारी/अंकेक्षक | नाम | अवधि | की गई कार्यवाही |
|---|---|---|---|---|
